घर बैठे ऑर्डर कर पाएंगे दिल्ली के स्ट्रीट फूड

FSSAI राजधानी में 15 जगहों पर स्ट्रीट फूड हब बना रही, चांदनी चौक और सरोजिनी नगर से शुरुआत होगी

Rahul.Anand@timesgroup.com

अब आप घर बैठे चांदनी चौक की चाट, लस्सी, परांठे वाली गली के परांठे और दूसरे स्ट्रीट फूड का स्वाद ले सकेंगे। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड ऑथिरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) दिल्ली में ऐसी 15 जगहों पर स्ट्रीट फूड हब बनाने जा रही है। इन हब से ऐप के जरिए फूड आइटम्स बेचने का प्लान है। आनेवाले कुछ महीनों में ही दिल्ली में स्ट्रीट फूड हब की शुरुआत हो जाएगी। सभी फूड आइटम्स एफएसएसएआई के मानकों पर तैयार होंगे।

स्ट्रीट फूड हब की शुरुआत सरोजिनी नगर और चांदनी चौक से होगी। दिल्ली-एनसीआर का पहला फूड स्ट्रीट हब गुड़गांव सेक्टर-38 में अगस्त तक खोलने की तैयारी है। अब तक पूरे देश में 85 जगहों पर स्ट्रीट फूड हब बनाना तय हुआ है। 9 जगहों पर फूड हब खोले जा चुके हैं। एक से दो महीने में दिल्ली में इसे खोलने का ऑडिट होगा, फिर ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन के बाद इन्हें शुरू किया जाएगा। एफएसएसएआई के अधिकारी ने बताया कि उनका मकसद देश भर में स्वादिष्ट फूड को हेल्दी और हाइजीनिक बनाना है, ताकि स्ट्रीट फूड

के प्रति लोगों की सोच बदले।

पूरे देश के स्ट्रीट फूड होंगे ऐप पर : एफएसएसएआई के अनुसार इसे इस तरह से प्लान किया गया है कि आने वाले समय में सभी शहरों के स्ट्रीट फूड हब को ऑनलाइन जोड़ दिया जाए। इसके लिए एक ऐप बनाया जाएगा। स्ट्रीट फूड की डिलिवरी भी होगी। गुजरात में खुले ऐसे ही स्ट्रीट फूड हब से होम डिलिवरी के लिए काम चल रहा है।

ऐसे सिलेक्ट हो रहे स्ट्रीट फूड हब : पहले ऐसे क्लस्टर का चयन किया जाता है, जहां स्थानीय निकाय से लाइसेंस प्राप्त फूड स्टॉल चल रहे होते हैं। एक जगह पर कम से कम 40-50 स्टॉल होने चाहिए। उसके बाद प्री ऑडिट होता है। फिर वेंडर को ट्रेनिंग दी जाती है। इसके बाद फिर ऑडिट होता है। आखिर में एक साला का सर्टिफिकेट दिया जाता है।

दिल्ली में यहां खोले जाएंगे स्ट्रीट फूड हब

सरोजिनी नगर मार्केट, चांदनी चौक और परांठे वाली गली, जूलॉजिकल पार्क, नेताजी सुभाष पैलेस अग्रवाल टावर, डीडीयू हॉस्पिटल हरि नगर, जीटीबी हॉस्पिटल मेन गेट शाहदरा, सी-6, ब्लॉक मार्केट यमुना विहार, आईएसबीटी बस टर्मिनल कश्मीरी गेट, सेक्टर 6 मार्केट द्वारका, सी-4ई मार्केट जनकपुरी, क्राफ्ट मार्केट, डिस्ट्रिक्ट सेंटर जनकपुरी, डीसी ऑफिस नंदनगरी, करोलबाग